कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह मनाया गया

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 लता मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

वन्य जीवों पर फोटोग्राफी के लिए प्रसिद्ध श्री प्रणव राय का व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने चित्रों के माध्यम से देश के अभ्यारण्यों के बारे में रोचक जानकारी दी। स्लोगन प्रतियोगिता में कु0 प्रज्ञा वैष्णव प्रथम तथा लाबया नूर एवं कु0 भूमि चंद्राकर द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर कु0 श्रुति आदित्य एवं कु0 राशि ताम्रकार थी।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम कु0 अर्चना गेन्ड्रे हिन्दी माध्यम में तथा अंग्रेजी माध्यम में कु0 श्वेता रहीं। द्वितीय स्थान पर कु0 दीप्ति साहू एवं कु0 कुसुम तथा तृतीय स्थान पर कु0 दीक्षा साहू एवं कु0 माही नेताम, कु0 हर्षिता नायक रहीं। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में कु0 डॉली देशमुख प्रथम तथा कु0 प्रज्ञा वैष्णव व कु0 सृष्टि जलतारे द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर कु0 प्रणाली खोब्रागढ़े एवं कृ0 सृष्टि साहू थीं।

कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र परिषद् की अध्यक्ष कु0 प्रज्ञा वैष्णव ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिव कु0 हर्षिता नायक द्वारा किया गया।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

Govt . Dr. W.W . Patankar Girls' P.G. College
Durg (C.G.)
GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS PG COLLEGE, DURG